ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :14/2021 दिनांक : 09.03.2021

केनरा बैंक अखिल भारतीय ऑनलाइन राजभाषा संगोष्ठी - 2021

केनरा बैंक अखिल भारतीय ऑनलाइन राजभाषा संगोष्ठी 24 मार्च को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स ऐप के माध्यम से 'डिजिटल बैंकिंग में हिंदी का प्रयोग - संभावनाएं एवं चुनौतियां' नामक विषय पर आयोजित किया गया। संगोष्ठी में श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (का), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण एवं उत्तर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने अध्यक्षता की एवं श्री एच एम बसवराज, उप महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग उपस्थित थे।

माइक्रोसॉफ्ट टीम्स ऐप से बैंक में कार्यरत राजभाषा अधिकारी अपने- अपने कार्यस्थल से जुड़े थे। आरम्भ में श्री अजय कुमार मिश्र, प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय ने उपस्थित गणमान्यों का स्वागत किया। श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग ने सूचित किया कि 08 एवं 09 मार्च को आयोजित केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों के 38वें अखिल भारतीय दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान सीबीएस के राजभाषा वर्शन को लाइव किया गया। आलेख प्रस्तुतकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में डिजिटलीकरण की आवश्यकताओं एवं प्रगति को ध्यान में रखते हुए संबंधित विषय में अधिक जानकारी तथा सुझाव प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त संगोष्ठी का विषय चयनित किया गया है।

श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (का), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण एवं उत्तर) ने सीबीएस के राजभाषा वर्शन को लाइव करने पर केनरा बैंक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में डिजिटल दुनिया का बहुत अधिक महत्व हो गया है। डिजिटलीकरण के कारण आवश्यक कार्यों को घर से बैठे आसानी से किया जा सकता है। किंतु डिजिटल दुनिया का विषय वस्तु अंग्रेजी में है । यदि इसके विषय वस्तु को हिंदी में भी उपलब्ध कराया जाए तो हिंदी की लोकप्रियता बढ़ेगी। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली दस भाषाओं में हिंदी शामिल है। पूरी दुनिया में हिंदी को महत्वपूर्ण स्थान देने के लिए उसे लोकप्रिय बनाना जरूरी है। राजभाषा कार्यान्वयन में केनरा बैंक के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि बैंक में राजभाषा कार्यान्वयन एक बड़ी चुनौती है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए राजभाषा अधिकारी अपना कार्य कर रहे हैं। राजभाषा अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे हिंदी और अंग्रेजी भाषा पर समान अधिकार रखें और सामान्य बैंकिंग में भी अपना सहयोग दें और राजभाषा अधिकारी अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हर कार्य में सामंजस्य स्थापित करते हुए अपना कार्य करते हैं। इसके लिए वे निश्चित ही प्रशंसा के पात्र है।

श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने राजभाषा अधिकारियों की बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन और उनके द्वारा कुशलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि केनरा बैंक में राजभाषा का कार्यान्वयन बेहतर हो रहा है। राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है और हम अपना दायित्व निभाएंगें। बैंकिंग के परिदृश्य में जनता की भाषा में काम करना बेहतर ग्राहक सेवा का हिस्सा है और समय की मांग भी। बैंकिंग क्षेत्र में हिन्दी और भारतीय भाषाओं के प्रयोग से आम जनता में बैंकों के प्रति विश्वास बढ़ेगा। मुख्य अतिथि महोदय और महा प्रबंधक महोदय का धन्यवाद श्रीमती शिवानी तिवारी, प्रबंधक ने दिया।

संगोष्ठी के निर्णायक मंडल में श्री एन एस ओमप्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय और श्री ओमप्रकाश साहु, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय शामिल थे। प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती कीर्ति पी सी, प्रबंधक ने किया । संचालन और संयोजन श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक ने किया।



राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :14/2021 दिनांक : 09.03.2021

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :14/2021 दिनांक : 09.03.2021

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :14/2021 दिनांक : 09.03.2021